प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

18.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

## विधानसभा

प्रदेश की 14वीं विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से धर्मशाला के तपोवन स्थित विधानसभा परिसर में शुरू हो रहा है। सत्र की बैठक सुबह 11 बजे से शुरू होगी। 21 दिसम्बर तक चलने वाले इस सत्र में कुल चार बैठकें होंगी। सत्र को लेकर सभी तैयारिया पूरी कर ली गई है

*वीओ– धर्मशाला के तपोवन में आज से शुरू हो रहे हिमाचल प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के लिए विधानसभा सचिवालय को कुल 3 सौ 16 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुई है, जिनमें 2 सौ 48 तारांकित और 68 अतारांकित प्रश्न हैं। इसके अलावा सरकार द्वारा 15 बिल भी प्रस्तुत किए जाएंगे, जिन्हें चर्चा के बाद पारित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि इस सत्र में हिमाचल विधानसभा के इतिहास में पहली बार जीरो आवर की शुरुआत की गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सता पक्ष व विपक्ष के सदस्य जनहित से जुड़े मुद्दों को सदन में उठाने के अलावा सत्र संचालन में अपना रचनात्मक सहयोग देंगे। रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला........*

## कांग्रेस बैठक

इस बीच कल देर शाम धर्मशाला में कांग्रेस विधायक दल की बैठक मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सत्र को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक की जानकारी देते हुए लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सत्र में प्रदेश के मुद्दो को प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यदि भाजपा सत्र में प्रदेश हित के मुद्दे उठाती है तो सरकार उनका समर्थन करेगी।

## भाजपा बैठक

दूसरी ओर भाजपा विधायक दल की बैठक नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सत्ता पक्ष को विभिन्न मुद्दों पर घेरने के लिए रणनीति बनाई गई। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि सत्र के दौरान सरकार को शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास, रोजगार जैसे अन्य ज्वलंत मुद्दों पर घेरा जाएगा और इसका जबाव मांगा जाएगा।

भाजपा रैली

प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के हंगामेदार रहने के आसार है, क्योंकि विपक्षी दल भाजपा ने विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को घेरने की पूरी तैयारी कर ली है। इसी कड़ी में आज भाजपा धर्मशाला में राज्य सरकार के खिलाफ जन आक्रोश रैली करेगी। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संजय शर्मा ने बताया कि रैली में पार्टी के सभी बड़े नेता भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि जन आक्रोश रैली के दौरान कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर किया जाएगा।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन की शुरूआत धूप के साथ शुरू हुई है। पिछले कुछ दिनों से प्रदेश के मैदानी जिलों के कई स्थानों में तापमान शून्य के आसपास दर्ज किया जा रहा है जिससे इन क्षत्रों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। दिन के समय धूप खिलने से कुछ क्षेत्रों के अधिकतम तापमान में वृद्धि भी हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने अगले दो तीन दिन तक ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा व बिलासपुर जिलों के कुछ स्थानों पर अत्याधिक शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने शीतकालीन सत्र से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला व दैनिक जागरण की एक जैसी सुर्खी है–**धर्मशाला में शीतकालीन सत्र आज से कई मुद्दो पर तपेगा तपोवन हंगामें के आसार।** हिमाचल दस्तक व पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है–**जनता के मुद्दे उठाए विपक्ष** जबकि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के हवाले से अखबार ने खबर का प्रमुखता दी है–**सरकार से विभिन्न मुद्दों पर जबाव मांगेगे।** दैनिक भास्कर का शीर्षक है–**इस बार रोज आधे घंटे का शून्य काल–जनता से जुड़े मुद्दे उठा सकेंगे विधानसभा सदस्य।**

———————————————————